तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 16. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 13 नवंबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी
4



खबर संक्षेप

एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन की अंतिम तिथि 15 तक

जांजगीर-चांपा। आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ 15 नवंबर से होना है। शासन द्वारा किसानों के हित में एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल या रकबे में संशोधन की कार्यवाही 31 अक्टूबर से बढ़ाकर 15 नवंबर तक कर दी गई है, ताकि एक भी किसान भाई अपनी उपज समर्थन मूल्य पर बेचने से वंचित न रहे। उप संचालक कृषि राकेश शर्मा ने बताया की शासन की योजना अनुसार एकीकृत किसान पोर्टल पर इस वर्ष धान के बदले अन्य कोई भी फसल का पंजीयन कराने पर किसानों को 15000 रूपये प्रति एकड़ एवं सामान्य फसल जैसे - दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी एवं कपास फसल का पंजीयन कराने पर उन्हें 10 हजार रूपये प्रति एकड़ की दर से सहायता राशि शासन द्वारा प्रदाय की जाएगी।

कनस्दा केंद्र में शामिल करने के प्रस्ताव का हो रहा विरोध

जांजगीर-चांपा। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था को लेकर किसानों की सुविधाओं और खरीदी केंद्रों के निर्धारण का मुद्दा सामने आने लगा है। नवागढ़ विकासखंड के ग्राम मुड़पार के किसानों एवं ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर गांव के किसानों को पूर्ववत धान खरीदी केंद्र शिवरीनारायण में ही शामिल रखने की मांग की है।
ग्रामीणों ने नवीन धान खरीदी केंद्र कनस्दा में मुड़पार के किसानों को शामिल किए जाने की संभावित व्यवस्था पर आपत्ति जताते हुए इसे किसानों के लिए असुविधाजनक बताया है। कलेक्टर के नाम सौंपे गए आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम मुड़पार के किसान पूर्व से ही धान विक्रय के लिए शिवरीनारायण धान खरीदी केंद्र पर निर्भर रहे हैं। वर्तमान में नवीन धान खरीदी केंद्र कनस्दा निर्धारित किए जाने के कारण मुड़पार के किसानों को वहां शामिल किए जाने की स्थिति बन रही है। ग्रामीणों के अनुसार, ग्राम मुड़पार से कनस्दा धान खरीदी केंद्र की दूरी लगभग 7 किलोमीटर है, जबकि शिवरीनारायण धान खरीदी केंद्र महज 3 किलोमीटर दूर है। धान का परिवहन करने वाले लघु एवं सीमांत किसानों को आर्थिक और व्यावहारिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

बिर्रा में राम नाम जप सप्ताह महायज्ञ 18 से

बिर्रा। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के दीवान मोहल्ला में समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से अखंड श्री राम नाम जप सप्ताह महा यज्ञ का आयोजन 18 नवंबर बुधवार को शुभारंभ किया जाएगा। सीताराम राधेश्याम का जाप लगातार एक सप्ताह तक चलेगा। जिसका समापन 25 नवंबर बुधवार को होगा। ग्राम वासियों के द्वारा तैयारी की जा रही है।

प्रशिक्षण संचालन के लिए संस्थाओं से आज तक लिए जाएंगे आवेदन

जांजगीर-चांपा। जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सोसायटी जांजगीर-चांपा में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण संचालन के लिए चैनल पार्टनर के चयन हेतु इच्छुक संस्थाओं से निर्धारित प्रपत्र में रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। सहायक परियोजना अधिकारी जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज ने बताया कि तिथि एवं समय तक अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। जिले की वेबसाइट तथा जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सोसायटी के कार्यालय के सूचना पटल से प्राप्त की जा सकती है।

डिजीटल क्रॉप सर्वे में गड़बड़ी, किसान लगा रहे कलेक्टोरेट का चक्कर

खेत में लहलहा रहा धान, कागज में अन्य फसल, कैसे होगी बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

डिजिटल क्रॉप सर्वे ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। सर्वे में गड़बड़ी से परेशान किसान अब दफ्तरों का चक्कर काटने मजबूर हैं। धान खरीदी शुरू होने में महज दो दिन का समय शेष है। इधर किसान धान की कटाई मंजाई छोड़कर रकबा सुधरवाने मशक्कत कर रहे हैं।रोगदा गांव के करीब 500 एकड़ में लगी धान की फसल अन्य में दर्ज हो गई है। इसी तरह की गड़बड़ी मुलमुला, मुड़पार, घुठिया, धाराशिव, सिऊंड़ में भी सामने आई है। किसानों ने कलेक्टरेट पहुंच कर दोबारा सर्वे कराकर धान की फसल को सही रूप में दर्ज करने की गुहार लगाई।

जिले में डिजिटल क्रॉप सर्वे में हुई गड़बड़ी के कारण किसान परेशान हैं। ग्राम रोगदा के किसानों का आरोप है कि करीब 500 एकड़ में लगी धान की फसल का सर्वे सही तरीके से नहीं हुआ। सर्वे में धान की फसल को 'अन्य' फसल के रूप में दर्ज कर दिया गया, जिसके कारण अब धान खरीदी से पहले किसानों के सामने संकट खड़ा हो गया है। किसानों ने बताया कि खेत में धान की फसल लगी हुई है, लेकिन कागजों में वह 'अन्य' दिख रही है। इसी तरह की स्थिति मुलमुला, मुड़पार, घुठिया, धाराशिव, सिऊंड़ में भी है। ऐसे में खरीदी के समय किसानों को धान बेचने में दिक्कत होगी और वे शासन की योजना का लाभ नहीं उठा पाएंगे। इसी समस्या को लेकर गुरुवार 12 नवंबर को किसानों ने जिला मुख्यालय पहुंच कर कलेक्टर से गुहार लगाई। किसानों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सर्वे में हुई गलती को सुधारने की मांग की है। किसानों का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में पहले अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को भी आवेदन दिया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। किसानों का कहना है कि पोर्टल खोला जाए और सर्वे का पुनः सत्यापन कराया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी किसानों की समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, जिससे किसानों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। धान खरीदी शुरू होने से पहले यदि रिकॉर्ड दुरुस्त नहीं किया गया, तो सैकड़ों किसान धान नहीं बेच पाएंगे।



खेतों में लहलहाती धान की फसल।

किसानों की समस्याओं को लेकर भीम रेजिमेंट ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

अकलतरा। धान खरीदी 15 नवंबर से प्रारंभ होने जा रही समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर किसानों को होने वाली संभावित परेशानियों के निराकरण की मांग उठने लगी है। इसी क्रम में भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ एवं डॉ. अंबेडकर विचार युवा संगठन, अकलतरा के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं किसान हितैषी बनाने की मांग की है। संगठन ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि प्रत्येक वर्ष धान खरीदी के दौरान किसानों को अनेक प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ता है। टोकन प्राप्त करने में परेशानी, बारदाने की कमी तथा धान तौल में अनियमितता जैसी शिकायतें करते हुए संगठन ने प्रशासन से उपार्जन केन्द्रों में व्यवस्था दुरूस्त रखने की मांग की।

परेशान है किसान

डीसीएस और पीटी ऐप सर्वे के कारण किसान परेशान है। पोर्टल भी बंद है जिसके कारण पंजीयन को लेकर समस्या आ रही है। सर्वे में किसानों के धान के रकबे में अन्य फसल दर्ज कर दिया गया है। इसे सुधरवाने और पंजीयन कराने किसान दफ्तरों का चक्कर काटने मजबूर है।

-संदीप तिवारी
सह संयोजक, कृषक चेतना मंच

कराया जा रहा अवगत

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी तैयारी पूरी कर ली गई है। जिन किसानों के डिजिटल क्राप सर्वे में समस्या आई है। इस बात की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई है, उनके निर्देश पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

रेवती रमण कश्यप,
नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जांजगीर

भुइयां आईडी से अवैधानिक रूप से रकबा परिवर्तन, चार पटवारी निलंबित

एसडीएम पामगढ़ और चांपा ने जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में खसरा अभिलेखों में अवैधानिक रूप से रकबा परिवर्तन के मामलों में 4 पटवारियों पर निलंबन की गाज गिरी है। इनमें तहसील पामगढ़ के तीन और चांपा तहसील के एक पटवारी शामिल है। अनुविभागीय अधिकारी पामगढ़ एवं अनुविभागीय अधिकारी चांपा द्वारा निलंबन का आदेश जारी किया गया है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पामगढ़ द्वारा पटवारी महादेव देवांगन, पटवारी हलका 14 ग्राम मुड़पार (ब), पटवारी मोहन साहू, पटवारी हलका 27 ग्राम भुईगांव तथा पटवारी अमृतलाल रात्रे, पटवारी हलका 23 ग्राम राहौद को निलंबित किया गया है। संबंधित पटवारियों के खसरा नंबरों की लॉग रिपोर्ट के अवलोकन से सक्षम अधिकारी के आदेश बिना भुइयां आईडी से अवैधानिक रूप से रकबा परिवर्तित किया जाना पाया गया है, जो कि पटवारी के अधिकारितविहीन कार्य को प्रदर्शित करता है। इस संबंध में जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब पटवारियों द्वारा आज पर्यंत प्रस्तुत नहीं किया गया है। इसी प्रकार, अनुविभागीय अधिकारी (रा) चांपा द्वारा पटवारी केशव सिंह मरावी पटवारी हलका 16, ग्राम सरवानी, तहसील सारागांव को निलंबित किया गया है। उनके द्वारा ग्राम सरवानी के खसरा नंबर 450/1 एवं 450/2 के रकबे में परिवर्तन किए जाने के संबंध में तहसीलदार सारागांव द्वारा लॉग प्रविष्टियों के साथ प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था। तहसीलदार सारागांव एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चांपा द्वारा भुइयां आईडी पर जांच करने पर उपर्युक्त खसरे के संबंध में किसी प्रकार का अनुमोदन नहीं पाया गया। इस संबंध में जारी कारण बताओ नोटिस के जवाब को समाधानकारक नहीं पाया गया। उक्त चारों पटवारियों को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम-9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। पटवारी महादेव देवांगन, मोहन साहू एवं अमृतलाल रात्रे का मुख्यालय तहसील कार्यालय (कानूनगो शाखा) पामगढ़ तथा पटवारी केशव सिंह मरावी का मुख्यालय तहसील कार्यालय सारागांव निर्धारित किया गया है। पटवारी केशव सिंह मरावी के विरुद्ध निलंबन अवधि में विभागीय जांच की कार्यवाही संस्थित की गई है।

वित्तीय अनियमितता पर आत्मानंद स्कूल के प्रभारी प्राचार्य निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बम्हनीडीह के प्रभारी प्राचार्य एवं व्याख्याता को वित्तीय अनियमितता के मामले में लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ ने 11 नवंबर को निलंबित कर दिया है।

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित दो सदस्यीय जांच दल की रिपोर्ट में विद्यार्थियों से प्राप्त सहयोग राशि का एकल हस्ताक्षर से आहरण तथा शासकीय राशि के दुरुपयोग से संबंधित तथ्य सामने आए थे। जांच प्रतिवेदन संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग बिलासपुर द्वारा 4 नवंबर को लोक शिक्षण संचालनालय को भेजा गया था। रिपोर्ट के परीक्षण के बाद विभाग ने निलंबन की कार्रवाई की। जारी आदेश में संबंधित कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 के विपरीत मानते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1)(क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में प्रभारी प्राचार्य एवं व्याख्याता बजरंग श्रीवास मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय निर्धारित किया गया है। इस दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

मौसम में बदलाव के चलते जिला अस्पताल में बढ़ रही मरीजों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मौसम में लगातार हो रहे बदलाव का असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर भी दिखाई देने लगा है। बदलते मौसम के चलते सर्दी, खांसी, बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द और वायरल संक्रमण से संबंधित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। इसके कारण जिला अस्पताल जांजगीर में इन दिनों मरीजों की भीड़ देखने को मिल रही है। इतना ही नहीं आभा एप से पंजीयन कराने के लिए मरीजों को लाइन में लगनी पडती है।

मौसम में बदलाव शुरू हो गया है। अब ठंड धीरे धीरे दस्तक देने लगी है। जिसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। इसका सबसे अधिक असर बच्चों, बुजुर्गों और पहले से कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों पर पड़ रहा है। कई मरीज सामान्य बुखार और सर्दी-खांसी की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। वहीं कुछ मरीजों में वायरल संक्रमण के लक्षण भी देखने को मिल रहे हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ने के कारण चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों पर भी काम का दबाव बढ़ गया है। मरीजों को जांच और चिकित्सकीय परामर्श के लिए अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। अस्पताल परिसर में भी सुबह से दोपहर तक काफी चहल-पहल बनी रहती है। चिकित्सकों के अनुसार मौसम में बदलाव के दौरान स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

नैला में ओवरब्रिज नहीं होने से हो रही परेशानी, घंटों जाम में फंस रहे लोग

जांजगीर-चांपा। नैला में रेलवे ओवरब्रिज नहीं होने से आम लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। रेलवे फाटक बंद होते ही दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। कभी-कभी फाटक 20 से 30 मिनट तक बंद रहता है, जिससे लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है।रेलवे क्रॉसिंग से होकर रोजाना हजारों लोग जांजगीर, चांपा, सक्ती और आसपास के गांवों की ओर आवाजाही करते हैं। सुबह और शाम के समय स्कूल, कॉलेज, दफ्तर और बाजार जाने वालों की भीड़ सबसे ज्यादा रहती है। फाटक बंद होने पर एंबुलेंस, स्कूली बस और परीक्षा देने जा रहे छात्र भी जाम में फंस जाते हैं।

कटरा के जंगल में फंदा लगाकर शिकार की तैयारी, वन विभाग ने दो शिकारी को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

वन परिक्षेत्र बलौदा अंतर्गत आने वाले कटरा के जंगल में अवैध शिकार के लिए फंदा लगाने के मामले में दो लोगों को पकड़ा है। इनके खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध पंजीकृत किया गया है।

ज्ञात हो कि 10 नवंबर को परिक्षेत्र कटरा के जंगल में अवैध शिकार के लिए फंदा लगाने के मामले में दो लोगों को पकड़ा गया है। आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 09, धारा 50 एवं धारा 51 के तहत कार्यवाही की गई है। इसके अतिरिक्त वन विभाग द्वारा भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 तथा धारा 64 के तहत आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। वन विभाग द्वारा वन एवं वन्यप्राणी के संरक्षण हेतु अवैध गतिविधियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। आरक्षित वनखण्ड कक्ष क्रमांक आर.एफ. 52 कटरा परिसर में अवैध शिकार के उद्देश्य से तार बांधना, जाल में फंसाना जैसे मामले में वन विभाग की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा गया। प्रकरण में बलौदा क्षेत्र के ग्राम कटअरा निवासी मुनाराम पिता देवकरण, जाति धनवार, उम्र 61 वर्ष तथा शगुन सिंह पिता बुधवार, जाति धनवार, उम्र 43 वर्ष के विरुद्ध वन एवं वन्यजीवों के विरुद्ध अवैध शिकार के प्रयास के संबंध में वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 के तहत वन अपराध के तहत 10 नवंबर पंजीबद्ध किया गया है। आरोपियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी अकलतरा के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां उक्त आरोपियों को 11 नवंबर से 25 नवंबर तक कुल 15 दिवस हेतु न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में वनमंडलाधिकारी जांजगीर-चांपा सक्ती के निर्देशन, उपवनमंडलाधिकारी के मार्गदर्शन एवं वन परिक्षेत्राधिकारी बलौदा एवं वन अमला, सुरक्षा श्रमिकों एवं स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से कार्यवाही की गई है। प्रकरण में अवैध शिकार की गतिविधियों में अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता एवं क्षेत्र में लगातार लगाए गए अतिरिक्त फंदों की जांच की जा रही है। वन परिक्षेत्र बलौदा अंतर्गत कटरा एवं पंतोरा वनक्षेत्र अवैध शिकार से वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास एवं विचरण क्षेत्र की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। वन विभाग द्वारा वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा एवं जैव विविधता के संरक्षण हेतु सतत निगरानी रखी जा रही है।

■ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत दर्ज किया गया मामला

फाटक बंद होते ही लगता है जाम, राहगीर होते हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

नगर के बीचोबीच स्थित रेलवे क्रासिंग पार करना किसी सजा से कम नही है, क्योंकि ट्रैफिक के भारी दबाव के चलते अधिकांश समय फाटक बंद रहता है। जनता की इस परेशानी से रेलवे को कोई लेना देना नहीं है। ज्ञात हो कि नगर के बीचो बीच स्थित रेलवे फाटक को पार कर स्कूली बच्चों के अलावा आसपास के अनेक गांव तथा शहरों को आने जाने वालों को होकर गुजरना पड़ता है। स्थानीय लोग भी फाटक के दूसरी ओर बसे चार वार्डो तथा सरहर, दुरपा, झरना, कचंदा, नगरदा व इसी रास्ते चाम्पा आदि जगह आने जाने के लिये फाटक पार करते हैं और उधर के लोग भी इसी रास्ते से आना- जाना करते हैं, लेकिन ट्रेनों के बढ़ते दबाव और स्टेशन करीब होने के चलते कुछ समय के अंतराल में फाटक बंद हो जाता है।



मछली पकड़ने गए युवक की तालाब में डूबने से मौत

जांजगीर-चांपा। मछली पकडने गए युवक की तालाब में डुबने से मौत हो गई। घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पेण्ड्री का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राजा वर्मा उम्र 20 वर्ष बुधवार सुबह करीब 8 बजे गांव के तालाब में मछली पकड़ने गया था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरा। पानी में डूबने के कारण उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार मृतक को मिर्गी की बीमारी भी थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पामगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से युवक के शव को तालाब से बाहर निकलवाया।

जनजाति बहुल क्षेत्रों में गौरव सप्ताह मनाने को लेकर की गई चर्चा

बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष और बलिदान का प्रतीकः राठिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष त्याग और बलिदान का प्रतीक है। इसे लेकर भाजपा द्वारा जनजाति गौरव सप्ताह मनाया जा रहा है। इस पर लैलूंगा क्षेत्र के पूर्व िधायक सत्यानंद राठिया ने पत्रकारों से चर्चा की।

श्री राठिया ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए का कहा कि भारतीय जनता पार्टी 15 नवम्बर को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के मार्गदर्शन में भाजपा 11 से 18 नवम्बर तक देश के हर जनजातीय बहुल जिले, विधानसभा और मंडल में 'जनजातीय गौरव सप्ताह' मना रही है। इसी क्रम में जिला भाजपा सक्ती द्वारा 12 नवम्बर को जिला मुख्यालय सक्ती में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता मे अनुसुचित जनजाति मोर्चा जिला प्रभारी भोजराम साहू,अनुसुचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष राजा धर्मेंद्र सिंह,जिला मंत्री अरुण शर्मा,मोर्चा महामंत्री विजेंद्र सिदार, जिला मीडिया प्रभारी, धनंजय नामदेव,नगर मंडल सहप्रभारी ओम प्रकाश देवांगन, सहित भाजपा जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।



पत्रकारों से चर्चा करते लैलूगा के पूर्व विधायक राठिया।

11 से 18 तक मनाया जा रहा जनजाति गौरव सप्ताह

जांजगीर-चांपा। भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस एवं जनजातीय गौरव सप्ताह के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा 11 से 18 नवंबर 2026 तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेश मंत्री श्रीमती विद्या सिदार ने संबोधित कर जनजातीय गौरव सप्ताह के कार्यक्रमों एवं केंद्र सरकार की जनजातीय समाज के उत्थान के लिए संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जनजातीय समाज के गौरव, सम्मान और स्वाभिमान को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई है। 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित करना जनजातीय समाज के महान स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति देश की सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने बताया कि भाजपा द्वारा 11 से 18 नवंबर तक जनजातीय गौरव सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न रचनात्मक एवं जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास, महापुरुषों के बलिदान, संस्कृति एवं परंपराओं के साथ-साथ केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

आबकारी पुलिस ने दी दबिश, 8 लीटर शराब जब्त, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

सक्ती जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर सक्ती के निर्देशानुसार तथा जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में दबिश दी गई। आरोपी के कब्जे से 8 लीटर महुआ शराब को जब्त किया है।

इस संबंध में विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार को आबकारी वृत्त मालखरौदा की टीम द्वारा अवैध महुआ शराब के विरुद्ध कार्रवाई की गई। सूचना मिली कि ग्राम अडभार, थाना मालखरौदा निवासी दारा सिंह रात्रे, पिता मंगलूराम, उम्र 57 वर्ष ने अपने पास अवैध महुआ शराब धारण कर विक्रय कर रहा है। सूचना के आधार पर आबकारी टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए 40 प्लास्टिक पाउच में भरी 200-200 एमएल प्रत्येक में कुल 8 लीटर महुआ शराब बरामद कर जब्त की गई। उक्त मामले में आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया गया। तत्पश्चात आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में आबकारी वृत्त मालखरौदा के प्रभारी कोमल प्रसाद सिदार द्वारा किया गया। कार्रवाई में आबकारी प्रधान आरक्षक रघुनाथ पैंकरा, आरक्षक मुरलीधर नायक, तथा आबकारी स्टाफ कमलेश यादव, परसराम कहरा एवं भारती यादव का योगदान रहा।

खबर संक्षेप



विभिन्न क्षेत्र में आयोजित अन्नकूट पर्व के कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व मंत्री

कोरबा। दर्री क्षेत्र में अग्रवाल समाज के द्वारा आयोजित अन्नकूट पर्व को श्रद्धा, उल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। साडा कॉलोनी जमनीपाली के अग्रसेन भवन में आयोजित अन्नकूट पर्व के कार्यक्रम में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने अनाज से बने पर्वत, भगवान श्री कृष्ण और अग्रसेन जी महाराज के मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना किया। इस अवसर पर 56 प्रकार के शुद्ध शाकाहारी व्यंजनों का भोग लगाया गया। पूर्व मंत्री जयसिंह ने कोरबावासियों के लिए सुख-समृद्धि, धन-वैभव, प्रगति, ऐश्वर्य, उन्नति तथा दीर्घायु होने की कामना की और कहा कि अन्नकूट का यह पावन पर्व समाज में एकता, प्रकृति के प्रति आभार, गौवंश के संरक्षण और अनाज की बर्बादी न करने का एक बड़ा संदेश बताता है। कार्यक्रम के शुरुआत में अग्रवाल सभा के संरक्षक प्रेमकुमार अग्रवाल ने पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर मनोज अग्रवाल, जयंत अग्रवाल, प्रेम सुमेधाद्व मुकेश गोयल, राजेंद्र अग्रवाल, पिंटू अग्रवाल, बैजनाथ अग्रवाल, राजकिशोर प्रसाद, डॉ आरसी पांडेय, राजेंद्र तिवारी, बीएम दुबे उपस्थित रहे।

कटघोरा-महेशपुर चौक पर बाइक और साइकिल में भिड़ंत

कोरबा। कटघोरा-महेशपुर चौक के पास मोटरसाइकिल और साइकिल के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है, जबकि साइकिल सवार होश में था। प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार, दोनों के बीच टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल सवार सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। वहीं साइकिल सवार ने खुद को तानाखार निवासी बताया है। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायल बाइक सवार की हालत देखकर लोग चिंतित नजर आए। घटना की सूचना आपातकालीन सेवा 112 को दे दी गई थी। खबर लिखे जाने तक मोटरसाइकिल सवार की स्थिति को लेकर चिंता बनी हुई थी।

संभाग स्तरीय रोजगार मेला 27 को लाईवलीहुड कॉलेज में

कोरबा। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के माध्यम से आगामी 27 नवंबर को लाईवलीहुड कॉलेज, कोरबा में संभाग स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले के माध्यम से विभिन्न संस्थानों में उपलब्ध रिक्त पदों पर योग्य अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की पहल की जाएगी।

परियोजना पसान अंतर्गत आंबा सहायिका पद के लिए आवेदन 26 तक

कोरबा। एकीकृत बाल विकास परियोजना पसान अंतर्गत आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र 11 से 26 नवंबर तक आमंत्रित किये गये हैं। एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय पसान से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पसान के आंगनबाड़ी केन्द्र बोकमुड़ी एवं ग्राम तनेरा के आंगनबाड़ी केन्द्र बिलासपुर मोहल्ला में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र मंगाये गये हैं। इच्छुक आवेदिका पोर्टल में पंजीयन कर आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय पसान से संपर्क किया जा सकता है।

गायत्री शक्ति पीठ में जिला स्तरीय बैठक

कोरबा। गायत्री शक्ति पीठ में बुधवार को प्रातः 10 बजे जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें जिले के सभी ब्लॉक के गायत्री परिजन शामिल हुए। जिसमें जन्म शताब्दी समारोह हरिद्वार में लिये गए संकल्पों की प्रगति की समीक्षा की गई। ज्ञात हो कि अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के सूक्ष्म संरक्षण एवं मार्गदर्शन में 18 से 24 जनवरी तक हरिद्वार में जन्म शताब्दी समारोह सम्पन्न हुआ था। जिसमें देश विदेश से लगभग 1 लाख 40 हजार लोग शामिल हुए। जिसमें कोरबा उपजोन से लगभग 250 लोग शामिल हुए। उस समारोह में गायत्री परिजन मिशन की रचनात्मक गतिविधियों में तीव्र गति लाने हेतु गृहे गृहे यज्ञ अभियान, साधना, स्वाध्याय,संयम एवं सेवा हेतु कुछ संकल्प लेकर आये थे। उन्हीं संकल्पों के आधार पर किये गये कार्यों की समीक्षा एवं संकल्पों को पूरा करने के सूत्रों पर चर्चा हेतु यह संगोष्ठी सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के प्रारंभ में घनश्याम साहू ने जन्म शताब्दी समारोह में अपने दायित्वों पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात राजकुमार देवांगन ने जिले में अब तक किये गये कार्यों का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर रमाकांत साहू ने 21 व 22 नवंबर को हरिद्वार में सम्पन्न होने वाले जन्म शताब्दी समारोह के तृतीय चरण के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि हमें तृतीय चरण के कार्यक्रम में प्रथम चरण के संकल्प का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाना है।

आश्वासन के बाद भी नहीं सुधरा सरमा-कोरबी मार्ग, बढ़ रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरमा से कोरबी तक लगभग 3 किलोमीटर सड़क की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण ट्रांसपोर्ट चालकों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीणों को भी आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से सड़क की बदहाली झेल रहे वाहन चालकों का धैर्य आखिरकार जवाब दे गया और उन्हें अपनी समस्या के समाधान के लिए खुद सड़क पर उतरना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, छोटी दीपावली की रात करीब 10 बजे जर्जर सड़क पर एक ट्रक का एक्सल टूट गया, जिससे ट्रक बीच सड़क पर फंस गया। इसके कारण आवागमन बाधित हो गया और लगभग 500 ट्रांसपोर्ट गाड़ियां रुक गईं। इस घटना के बाद वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों के कारण भारी वाहनों का आवागमन मुश्किल हो गया था। अगले दिन जब एसईसीएल एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की ओर से कोई सहयोग नहीं मिला, तो परेशान ट्रांसपोर्ट चालकों ने स्वयं जेसीबी मशीन मंगवाई और सड़क के बड़े-बड़े गड्ढों को भरवाकर अस्थायी मरम्मत कराई। चालकों को मजबूरी में अपने स्तर पर यह व्यवस्था करनी पड़ी, ताकि सड़क पर आवागमन फिर से सुचारु हो सके।

वाहन चालकों ने जेसीबी से कराई मरम्मत



ट्रांसपोर्ट चालकों का कहना है कि सरमा-कोरबी मार्ग की बदहाली को लेकर कई बार समाचारों के माध्यम से एसईसीएल एवं संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराने का प्रयास किया गया, लेकिन इसके बावजूद सड़क की स्थिति में सुधार नहीं हुआ। लगातार परेशानी झेल रहे चालकों को आखिरकार खुद ही जेसीबी बुलाकर सड़क की मरम्मत करानी पड़ी। उनका कहना है कि यदि समय रहते सड़क का संधारण कराया जाता तो ऐसी स्थिति पैदा नहीं होती। ऐसे में बड़ा सवाल उठता है कि जब वर्ष 2016 में एसईसीएल द्वारा सड़क की मरम्मत एवं संधारण को लेकर लिखित रूप से उल्लेख किया गया था, तो वर्ष 2022 के बाद से इस मार्ग की नियमित मरम्मत क्यों नहीं कराई गई? आखिर किसकी लापरवाही के कारण सड़क की यह स्थिति बनी हुई है? संबंधित अधिकारियों ने इस मार्ग के रखरखाव को लेकर क्या कदम उठाए? क्या एसईसीएल के जिम्मेदार अधिकारियों को इस जर्जर सड़क की जानकारी नहीं है या फिर इसकी अनदेखी की जा रही है? इन सवालों का जवाब अब संबंधित अधिकारियों को देना होगा। सड़क की बदहाली से परेशान वाहन चालकों ने अनुविभागीय अधिकारी पोड़ी उपरोड़ा मनोज कुमार बंजारे से बातचीत कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। चालकों ने उन्हें सरमा-कोरबी मार्ग की जर्जर स्थिति, बड़े-बड़े गड्ढों और आवागमन में हो रही परेशानियों की जानकारी दी। इस पर मनोज कुमार बंजारे ने ग्रामीणों एवं वाहन चालकों की समस्या को देखते हुए आश्वासन दिया कि जल्द ही एसईसीएल के अधिकारियों से बातचीत कर सड़क की मरम्मत एवं समस्या का निराकरण कराया जाएगा।

मुआवजे और सुरक्षा की मांग को लेकर परिजनों ने किया प्रदर्शन

ट्रेलर ने स्कूटी सवार युवक को मारी टक्कर, युवक की मौत, चक्काजाम



दुर्घटना के बाद सड़क पर प्रदर्शन करते परिजन।



सड़क पर मृतक का शव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में तेज रफ्तार भारी वाहनों का कहर एक बार फिर एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां उजाड़ गया। कोतवाली थाना क्षेत्र के इमलीडुग्गू फाटक के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रेलर की चपेट में आने से 22 वर्षीय स्कूटी सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों और परिजनों में भारी आक्रोश देखने को मिला।



परिजनों को समझाइश देते पुलिस व प्रशासन।

जानकारी के अनुसार, सीतामणी हटरी निवासी 22 वर्षीय अमित सागर पिता कमल सागर अपनी स्कूटी से जा रहा था। इसी दौरान इमलीडुग्गू फाटक के पास एक अनियंत्रित ट्रेलर वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि अमित सागर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार होने की कोशिश रहा था जिसे स्थानीय लोगों ने धरदबोचा। दुर्घटना की खबर मिलते ही मृतक के परिजन और बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी घटनास्थल पर पहुंच गए। भारी वाहनों की बेकाबू रफ्तार और क्षेत्र में लगातार हो रहे हादसों से त्रस्त लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित परिजनों और भीड़ ने उचित मुआवजे सहित अन्य मांगों को लेकर शव को हटाने से इनकार कर दिया और सड़क पर ही विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। मामले की गंभीरता को भांपते हुए कोतवाली थाना प्रभारी प्रेम साहू और कोरबा एसडीएम तुरंत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों और स्थानीय नागरिकों को समझाइश दी और जिसके बाद देर रात लगभग 12.30 बजे चक्काजाम समाप्त हुआ। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और दुर्घटनाकारित ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

एसईसीएल के एसएलआरएम सेंटर में लगी भीषण आग



एसएलआरएम सेंटर जहां लगी थी आग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा क्षेत्र के आदर्श नगर स्थित एसएलआरएम ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन सेंटर में मंगलवार की रात अचानक भीषण आग लग जाने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। आग इतनी भयावह थी कि उसकी ऊंची लपटों को देख आसपास रहने वाले एसईसीएल कर्मचारियों और उनके परिवारों में दहशत फैल गई। गनीमत रही कि आग पर वक्त रहते काबू पा लिया गया, अन्यथा एक बड़ी अनहोनी घट सकती थी।

खास बात

- बाल बाल बची कर्मचारियों की आवासीय कालोनी

मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात जैसे ही कचरा संग्रहण और पुनर्चक्रण केंद्र (एसएलआरएम) से आग की ऊंची लपटें और धुआं उठने लगा, स्थानीय निवासियों के होश उड़ गए। सजग नागरिकों ने तुरंत क्षेत्र के पूर्व पार्षद शाहिद कुजूर को मामले की जानकारी दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए श्री कुजूर ने एसईसीएल के उच्च अधिकारियों और विभागीय दमकल की टीम को सूचित किया। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियाँ मौके पर पहुंचीं और दमकल कर्मियों ने भारी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि एसएलआरएम सेंटर के ठीक बाजू में कर्मचारियों के मकान स्थित है। कॉलोनीवासियों ने राहत की सांस लेते हुए कहा कि यदि यह आग आधी रात को लगी होती और लोगों की नजर न पड़ती, तो लपटें घरों को अपनी चपेट में ले लेतीं। दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई से आग को आगे बढ़ने से रोक दिया गया, जिससे कॉलोनी में मंडरा रहा बड़ा खतरा टल गया।

भाई-बहन के अटूट स्नेह का पर्व 'भाई दूज' श्रद्धा के साथ मनाया गया





भाई दूज पर अपने अपने भाईयों को तिलक लगातीं बहनें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपावली के महापर्व का पांचवां और अंतिम दिन भाई-बहन के पवित्र रिश्ते के प्रतीक 'भाई दूज' (यम द्वितीया) के रूप में शहर और अंचल (ग्रामीण क्षेत्रों) में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। बुधवार सुबह से ही घरों में विशेष चहल-पहल देखने को मिली। बहनों ने विधि-विधान से पूजा कर भाइयों के माथे पर तिलक लगाया और उनकी लंबी उम्र व सुख-समृद्धि की कामना की।

त्योहार को लेकर सुबह से ही रोडवेज बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और मुख्य मार्गों पर अच्छी खासी हलचल रही। कई भाई जो बाहर नौकरी या पढ़ाई के सिलसिले में रहते हैं, वे एक दिन पहले ही अपने गृहग्राम या शहर लौट आए थे। बहनों ने अपने भाइयों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। तिलक के बाद मुंह मीठा कराया गया और भाइयों ने अपनी क्षमता के अनुसार उपहार, साड़ियां और नकदी देकर बहनों का आशीर्वाद लिया। स्थानीय मुख्य बाजारों (जैसे मुख्य बाजार, पावर हाउस रोड और निहारिका क्षेत्र) में भाई दूज को लेकर दिनभर खरीदारी का दौर चलता रहा। दुकानों पर भाई दूज पर विशेष रूप से दिए जाने वाले सूखे गोले (नारियल), काजू कतली, सोनपापड़ी और तरह-तरह की मिठाइयों की जमकर बिक्री हुई। पूजन सामग्री की दुकानों पर भी रोली, अक्षत और कलावा खरीदने वालों की भीड़ लगी रही। शहर के वरिष्ठ पंडितों के अनुसार, आज के दिन यमुना जी ने अपने भाई यमराज का सत्कार कर उनके माथे पर तिलक किया था। मान्यता है कि जो भाई आज के दिन अपनी बहन के घर जाकर भोजन ग्रहण करता है और तिलक लगवाता है, उसके जीवन से संकट टल जाते हैं। इस दिन कई लोगों ने शहर के पास बहने वाली नदियों और तालाबों के तटों पर भी दान-पुण्य किया।

चलती बस के गियर बॉक्स में लगी आग



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा से बिलासपुर की ओर जा रही एक यात्री बस में अचानक आग लग जाने से अफरा-तफरी मच गई। बस के केबिन में तेजी से धुआं भरते ही यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई। हालांकि, चालक की तत्परता और सूझबूझ से समय रहते सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

मिली जानकारी के अनुसार, यादव ट्रेवल्स की यात्री बस कोरबा से बिलासपुर के लिए रवाना हुई थी। यात्रा के दौरान कटघोरा तहसील चौक के पास अचानक बस के गियर बॉक्स में शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी के कारण आग लग गई। देखते ही देखते गियर बॉक्स से धुएं का गुबार निकलने लगा और पूरा केबिन धुएं से भर गया। खतरे की स्थिति को भांपते हुए बस चालक ने बिना समय गंवाए वाहन को तुरंत सड़क किनारे खड़ा किया और सभी यात्रियों को नीचे उतरने के लिए कहा। उस समय बस में लगभग 20 से 25 यात्री सवार थे, जो घबराकर आनन-फानन में बाहर निकले। बताया जा रहा है कि आग लगने के बाद गियर बॉक्स करीब 15 मिनट तक सुलगता रहा। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए पानी डालकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना के कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन बाधित रहा। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थिति सामान्य होने के बाद बस प्रबंधन द्वारा सभी यात्रियों को दूसरी बस के माध्यम से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

नाम परिवर्तन संबंधी
सार्वजनिक सूचना

मैं, लकषदीप बरटे (LAXDEEP BARETH), पिता श्री शिव कुमार बरटे (SIV KUMAR BARETH), निवासी वार्ड क्रमांक 03, सकरेली (बा.), थाना बाराद्वार, तहसील नया बाराद्वार, विकासखंड एवं जिला सक्ती (छत्तीसगढ़)-495687, एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना देता हूं कि मैंने अपना नाम परिवर्तित कर लक्षित बरेठ (LAXIT BARETH) तथा अपने पिता का नाम शिव कुमार बरेठ (SIV KUMAR BARETH) कर लिया है।

अब भविष्य में मुझे एवं मेरे पिता को उपरोक्त नए नामों से जाना एवं पहचाना जाएगा। संबंधित सभी शासकीय एवं अशासकीय अभिलेखों में कृपया नए नामों को मान्य किया जाए।

स्थान : सकरेली (बा.), जिला सक्ती (छ.ग.)\
दिनांक : .....

आवेदक\
लक्षित बरेठ
(LAXIT BARETH)

उद्योग मंत्री एवं एवं महापौर के आतिथ्य में मोतीसागरपारा में भूमिपूजन कार्यक्रम

पौने 4 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन, क्षेत्रवासियों को मिली विकास की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा विधानसभा में विकास कार्यों को निरंतर गति देते हुए उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत की अध्यक्षता में मोतीसागरपारा में हुए भूमिपूजन में कुल 3 करोड़ 88 लाख 25 हजार रुपये की लागत के विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा तथा नागरिकों को बेहतर सड़क, सामुदायिक भवन और पेयजल व्यवस्था का लाभ मिलेगा।



विकास कार्यों का भूमिपूजन करते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर।

भूमिपूजन के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 7 धनुहार मोहल्ला में जयसिंह सनवाल के घर से तारा चंद्र श्रीवास के घर तक 7 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण, वार्ड क्रमांक 8 सीतामणी मोतीसागरपारा में 10 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण तथा इसी वार्ड में पूर्व पार्षद बंशीलाल महिलांगे के घर के आगे से कुष्ठ आश्रम एवं प्राथमिक शाला जाने वाले मुख्य मार्ग पर 8 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं। इसी क्रम में सीबीडी प्लांट एरिया बरबसपुर में 2 करोड़ 85 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड, रिटर्निंग वॉल, बॉक्स कलवर्ट, पीचिंग कार्य, बोरवेल, पीएंडएफ एवं हाईमास्ट स्ट्रीट लाइट का निर्माण किया जाएगा। वहीं वार्ड क्रमांक 10 वैष्णो दरबार रेलवे लाइन बस्ती में 20.98 लाख रुपये की लागत से डीआई मुख्य पाइपलाइन को 150 मिमी व्यास की वितरण पाइपलाइन से जोड़ने एवं विस्तार का कार्य होगा। वार्ड क्रमांक 14 में ओचटी के पीछे से अमरावपारा एवं रेलवे कॉलोनी तक 38.23 लाख रुपये की लागत से 450 मिमी व्यास की मुख्य पाइपलाइन से वितरण पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इससे क्षेत्र में कम दबाव की पेयजल समस्या के समाधान में मदद मिलेगी। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि कोरबा विधानसभा के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। सड़क, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और सामुदायिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ स्वीकृति दिलाकर धरातल पर उतारा जा रहा है। हमारा संकल्प है कि विकास का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग और प्रत्येक क्षेत्र तक पहुंचे। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, पार्षद श्रीमती रूबी देवी सागर, श्रीमती उर्वशी राठौर, श्रीमती राधा महंत, श्रीमती सुलोचना यादव, श्रीमती धनश्री साहू, ईश्वर पटेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष वैभव शर्मा, मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा उपस्थित रहे।







मातृभूमि का ट्रेलर रिलीज, एक्शन अवतार में नजर आए सलमान

नई दिल्ली। सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इससे पहले मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया है। ट्रेलर में सलमान खान एक्शन अवतार में नजर आए हैं। लगभग साढ़े चार मिनट के ट्रेलर की शुरुआत चाइनीज सैनिकों को दिखाने से होती है। वह आपस में भारतीय सेना के बारे में बात करते हैं। इसके बाद ट्रेलर में भारतीय और चाइनीज सैनिकों को लड़ते हुए दिखाया जाता है। ट्रेलर में आगे दिखाया जाता है कि कैसे सैनिक अपने परिवार से विदा लेकर बॉर्डर पर जाते हैं। ट्रेलर में आगे दिखाया गया है कि भारत और चीन के बीच तनाव की स्थिति है। दोनों देशों के सैनिकों के बीच भी तनातनी का माहौल बनता है।

लाइफ Style

अनुष्का

'जब सूरज मेरे चेहरे को चूमता है'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी नई तस्वीरें शेयर की हैं। अनुष्का सेन ने जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें देखा जा सकता है कि उन्होंने सूरज की रोशनी में खूबसूरत पोज दिए हैं। अभिनेत्री ने ब्लैक स्कर्ट और क्रॉप टॉप पहना है। अभिनेत्री ने ऊपर से मरून दुपट्टा डाला है। उन्होंने अपने लुक को ब्लैक सनग्लासेस से पूरा किया है। अभिनेत्री अनुष्का सेन ने अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'जब सूरज मेरे चेहरे को चूमता है।' अभिनेत्री की पोस्ट को कई यूजर्स ने लाइक किया है और कई फैंस ने कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा 'अन्नू के लिए लाल रंग।' एक और यूजर ने लिखा 'चमकता हुआ खूबसूरत चेहरा।' एक और यूजर ने मजाक में लिखा 'कोई पुलिस को बुलाओ। इतना खूबसूरत दिखना अपराध है।' 4 अगस्त 2002 को जन्मीं अनुष्का सेन झारखंड के रांची से ताल्लुक रखती हैं। बचपन में ही वह अपने माता-पिता के साथ मुंबई में बस गईं। वह बालवीर, झांसी की रानी, फियर फैक्टरः खतरों के खिलाड़ी 11, और दिल दोस्ती डिलेमा के लिए मशहूर हैं। अभिनेत्री को साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'एम आई नेक्स्ट' में देखा गया था। इसमें उन्होंने हनी नाम की 14 साल की एक ऐसी लड़की का किरदार निभाया था, जिसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म हुआ और वह गर्भवती हो गई।



24 साल की अभिनेत्री अनुष्का सेन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। वह अपने फैंस को अपनी जिंदगी से जुड़ी हर अपडेट देती रहती हैं। कई बार अभिनेत्री विदेश में अपने टूर की और अपने माता-पिता के साथ तस्वीरें साझा करती हैं।

हॉलीवुड मसाला



थिएटर, फिल्म और टीवी में किया काम

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर स्टेसी कीच का मंगलवार को 85 साल की उम्र में निधन हो गया। स्टेसी कीच 2 जून 1941 को जॉर्जिया के सवाना में पैदा हुए थे। उन्होंने थिएटर, फिल्म और टीवी तीनों में लगभग छह दशक काम किया। शेक्सपियर के नाटकों में उनकी भूमिकाओं को खास पहचान मिली। 1970 में 'इंडियंस' नाटक के लिए उन्हें टोनी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट भी किया गया था। टीवी पर उन्हें सबसे ज्यादा पहचान जासूस माइक हैमर के किरदार से मिली। 1980 के दशक में 'मिकी स्पिलाने'स माइक हैमर' और बाद की सीरीज में उन्होंने यह रोल निभाया।



हैरी पॉटर की ओटीटी रिलीज डेट का ऐलान

नई दिल्ली। फिल्मों के बाद अब हैरी पॉटर टीवी सीरीज के रूप में फिर से वापसी कर रहा है। इस बार नई स्टार कास्ट हॉगवर्ट्स की दुनिया में जादू करती हुई दिखाई देगी। जब से हैरी पॉटर की टीवी सीरीज का ऐलान हुआ है, तभी से लोग इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे थे। अब आखिरकार हैरी पॉटर टीवी सीरीज का ऐलान हो गया है। हैरी पॉटर की अनाउंसमेंट 2023 में ही हो गई थी। तीन साल से दर्शक फिर से हैरी पॉटर की जादुई दुनिया को देखने के लिए बेताब थे। हैरी पॉटर टीवी सीरीज जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है। यह क्रिसमस के दिन यानी 25 दिसंबर को ओटीटी पर एक सरप्राइज पैकेज बनकर आने वाली है।



'गनमास्टर जी9' का दमदार ट्रेलर जारी

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर इमरान हाशमी के फैंस को उनकी फिल्म 'गनमास्टर जी9' का बेसब्री से इंतजार है। 11 नवंबर को इस फिल्म का ट्रेलर वीडियो रिलीज हो गया है, जिसमें उनके साथ जेनेलिया देशमुख और अपारशक्ति खुराना भी नजर आ रहे हैं।। 'गनमास्टर जी9' 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। आदित्य दत्त ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है। फिल्म का ट्रेलर काफी दमदार लग रहा है। मेकर्स ने जो ट्रेलर वीडियो जारी किया है वो 2 मिनट 41 सेकेंड का है, जिसकी शुरुआत इमरान के एक दमदार डायलॉग से होती है। वो कहते हैं, 'पुजारी अपना तिलक, मियां भाई अपना ईमान और हम अपने इश्क को सिर पर सजाकर रखते हैं। पर एक दिन किसी ने उन्हें कदमों पर गिराकर रौंद डाला। उसके बाद आगे जेनेलिया संग उनकी केमिस्ट्री दिखाई जाती है।



कंगुआ के फ्लॉप के बाद जबरदस्त कमबैक

मुंबई। साउथ सुपरस्टार सूर्या की फिल्म कंगुवा जब फ्लॉप हुई थी तो एक्टर को बड़ा शॉक लगा था। सीन फिल्म के साथ ही सूर्या की बैक-टू-बैक 4 फिल्में सुपरहिट साबित हुई हैं। रणबीर कपूर की रामायण के सामने भी सूर्या की सीन फिल्म ने बढ़िया कलेक्शन कर के दिखाया। इस फिल्म ने रिलीज के 5 दिन में दुनियाभर में 175 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। इसके पहले सूर्या ने कंगुवा के बाद बॉक्स ऑफिस पर जोरदार वापसी की। उनकी फिल्म रेट्रो 60 करोड़ के बजट में 250 करोड़ का कलेक्शन करने में सफल रही थी। इसके बाद सूर्या की कुरुप्पु ने भी 130 करोड़ के बजट में 360 करोड़ रुपए की कमाई की और बजट से दुगना कमाते हुए सुपरहिट साबित हुई। वहीं, साल 2026 की ही शुरुआत में आई विश्वनाथ एंड सन्स फिल्म ने भी खूब पैसे कमाए।

टीवी मसाला

एक्स हसबैंड जय का नाम घसीटने पर भड़कीं माही

नई दिल्ली। रिएलिटी शो 'बिग बॉस 20' का घर एक बार फिर विवादों और पर्सनल अटैक का अखाड़ा बन गया है। हाल ही में सामने आए शो के नए प्रोमो में टेलीविजन एक्ट्रेस माही विज और उनकी साथी कंटेस्टेंट लव गिल के बीच जोरदार कहासुनी और तीखी झड़प देखने को मिली। झगड़े के दौरान जैसे ही बात माही विज की पर्सनल लाइफ, शादी और उनके पति जय भानुशाली तक पहुंची, माही अपना आपा खो बैठीं। रोते-बिलखते हुए माही ने लव गिल को सख्त चेतावनी दी और साफ कहा कि वे उनकी शादीशुदा जिंदगी और पति का नाम बीच में न लाएं। प्रोमो के मुताबिक, इस पूरे फसाद की शुरुआत माही विज द्वारा की गई एक टिप्पणी से हुई थी। दरअसल, माही विज ने घर के सदस्य काजी तौकीर और मनीष गोयल के साथ बातचीत के दौरान लव गिल के लिए 'होमब्रेकर' (घर तोड़ने वाली) शब्द का इस्तेमाल किया था। हालांकि, उस बातचीत के दौरान लव वहां मौजूद नहीं थीं। लेकिन, बाद में जब लव गिल को इस बात का पता चला, तो उन्होंने सीधे माही विज के सामने आकर सवाल दाग दिए और दोनों के बीच विवाद गरमा गया। प्रोमो में दिखाया गया है कि लव गिल द्वारा पर्सनल सवाल पूछे जाने पर माही विज काफी परेशान हो जाती हैं। माही स्पष्ट लहजे में लव से कहती हैं, 'मेरे डिवोर्स (तलाक) पर बात मत करो। इस पर अपना बचाव करते हुए लव गिल जवाब देती हैं, जैसे इन्होंने मेरे लिए एक वर्ड बोला 'होमब्रेकर'' लव के मुंह से अपनी पर्सनल लाइफ और शादी का जिक्र सुनते ही माही विज बेहद इमोशनल हो जाती हैं और रोते हुए वहां से हटने लगती हैं।



शो 'शांति' सब पर पड़ गया था भारी

नई दिल्ली। दूरदर्शन के कई ऐसे शो थे जिन्होंने दर्शकों का ना सिर्फ दिल जीता था, बल्कि इनके किरदारों ने घर-घर में अपनी जगह बना ली थी। अब हम आपको दूरदर्शन के ही एक ऐसे शो के बारे में बताने वाले हैं जिसने 90 के दशक में अपनी एक अलग छाप छोड़ दी थी। इतना ही नहीं इस शो ने कई बाकी शोज तक को बड़ा कॉम्पटीशन दिया था। जिस शो की हम बात कर रहे हैं वो 1994 में आया था। शो में मंदिरा बेदी लीड रोल में थीं। मंदिरा ने इसमें पत्रकार का किरदार निभाया था। यह शो दोपहर में 2.30 बजे आता था और जब ये शो आता था तो दर्शक खासकर महिलाएं इसे देखने के लिए सारा काम छोड़कर बैठ जाती थीं। इस शो को लेकर जबरदस्त क्रेज था। बच्चे भी स्कूल से घर आकर इस शो को देखते थे। जिस शो की यहां बात हो रही है उसका नाम है शांति। शांति शो को आदि पोचा ने डायरेक्ट किया था और इसमें मंदिरा के अलावा मोहिनी शर्मा, राजेश तायलांग, अमित बहल, अनूप सोनी, यतिन कार्येकर, अमर तलवार भी थे।



ऋतिक ने वैश्विक स्तर के कार्यक्रम में छोड़ी भारत की छाप, बनाया रिकॉर्ड

नई दिल्ली। लॉस एंजिल्स में आयोजित '2026 लैक्मे आर्ट + फिल्म गाला' में बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन स्टाइलिश अंदाज में नजर आए। इस मशहूर कार्यक्रम में शामिल होने वाले वह पहले भारतीय अभिनेता बने, जिससे एक नया रिकॉर्ड बन गया है। इस इवेंट में हॉलीवुड, संगीत और फैशन जगत की कई बड़ी हस्तियां मौजूद थीं। ऋतिक के साथ काइली जेनर, किम कार्दशियन और निकोल किडमैन जैसी अंतरराष्ट्रीय हस्तियां भी शामिल थीं। इस कार्यक्रम में ऋतिक की मौजूदगी भारतीय प्रतिनिधित्व के लिहाज से एक अहम पल रही। इस मौके पर ऋतिक रोशन ने एक शानदार, पूरी तरह से काले रंग का कस्टम-टेलर सूट पहना। उनका लुक सादा होने के बावजूद काफी स्टाइलिश था, जिसने रेड कार्पेट पर सबका ध्यान खींचा। '2026 लैक्मे आर्ट + फिल्म गाला' की सह-अध्यक्षता ऑस्कर विजेता अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो और लैक्मे की ट्रस्टी ईवा चाउ ने की। ये दोनों लगातार 15वें साल इस कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे थे। 2011 में इस गाला की शुरुआत के बाद से ही, वे हर साल इसके सह-अध्यक्ष रहे हैं। किम कार्दशियन और काइली जेनर ने भी अपने फैशन सेंस से सबका ध्यान खींचा। गाला में जूलिया गार्नर, सलमा हायेक, अन्या टेलर-जॉय, एंड्रयू गारफील्ड और मिशेल योह नजर आईं।



मराठी फिल्म गोंधल के बाद 99वें एकेडमी अवॉर्ड के लिए भेजी गई 'रामायणम'

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की फिल्म 'रामायणमः पार्ट 1' लगातार बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही है। इसी बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म अब 99वें एकेडमी अवॉर्ड यानी ऑस्कर की रेस में शामिल हो गई है। फिल्म के मेकर्स ने इसे ऑस्कर कमिटी के पास एंट्री के लिए भेजा है। खास बात यह है कि इसी साल मराठी फिल्म 'गोंधल' को ऑस्कर की इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में भारत की ऑफिशियल एंट्री के तौर पर चुना गया है। फिल्म के मेकर्स ने फिल्म को ऑस्कर के विचार के लिए भेजा है, हालांकि इसकी कैटेगरी अभी साफ नहीं हैं। ऑस्कर के नियम ऐसे हैं कि भारत की ऑफिशियल एंट्री चुने जाने के बाद भी दूसरी भारतीय फिल्में अलग-अलग कैटेगरी में अपनी दावेदारी पेश कर सकती हैं। यानी जरूरी नहीं कि किसी देश की सिर्फ एक ही फिल्म ऑस्कर तक पहुंच पाए। योग्य फिल्में एकेडमी के नियमों को पूरा करके दूसरी कैटेगरी में भी आवेदन कर सकती हैं। ऑस्कर की दूसरी मुख्य कैटेगरी में जगह बनाने के लिए फिल्मों को एकेडमी के कुछ जरूरी नियम पूरे करने होते हैं। इनमें सबसे अहम नियम है कि फिल्म को अमेरिका के किसी तय शहर के सिनेमाघरों में लगातार कम से कम 7 दिनों तक दिखाया जाना चाहिए। इन शहरों में लॉस एंजिल्स, न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को, शिकागो, डलास-फोर्ट वर्थ और अटलांटा शामिल हैं। इसके बाद फिल्म के मेकर्स या डिस्ट्रीब्यूटर को एकेडमी के पास जरूरी फॉर्म और फिल्म से जुड़ी जानकारी जमा करनी होती है।



फिल्म में पहली बार दुर्गा ने प्ले किया था सीता का रोल

100 साल के मनोरंजन के इतिहास में ये 9 एक्ट्रेस बनी हैं सीता

नई दिल्ली। बॉलीवुड में 100 साल में रामायण माइथोलॉजी पर कई फिल्में और सीरियल्स बने हैं। इस दौरान 9 एक्ट्रेस रही हैं जिन्हें दर्शकों ने मां सीता के रोल में देखा है। रणबीर की रामायण में साई पल्लवी सीता बनी हैं। सिनेमा जगत की शुरुआत से ही रामायण जैसे महाकाव्य पर फिल्में बननी शुरू हो गई थीं। फिर जब छोटे पर्दे की शुरुआत हुई तो उसमें भी रामायण पर कई सारे सीरियल्स बनाए गए। यहां तक फादर ऑफ इंडियन सिनेमा के तौर पर मशहूर दादा साहेब फाल्के की दूसरी फिल्म लंका दहन भी रामायण पर बनी थी। लेकिन, इस फिल्म में एक हीरो ने ही मां सीता का रोल प्ले किया था। वहीं, किसी भी फिल्म में पहली बार सीता का रोल दिग्गज एक्ट्रेस दुर्गा घोटे ने प्ले किया था। वहीं, हाल ही में आई रामायण में ये किरदार साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी ने प्ले किया है।

दुर्गा : बॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस दुर्गा घोटे ने साल 1934 में आई फिल्म सीता में मां सीता का रोल प्ले किया था। इसे मां सीता के जीवन पर केंद्रित कर के ही बनाया गया था। इसका निर्देशन देबकी कुमार बोस ने किया था। फिल्म में पृथ्वीराज कपूर भगवान राम के रोल में नजर आए थे. वहीं दूसरी तरफ लव के रोल में त्रिलोक कपूर नजर आए थे. इसके अलावा फिल्म में मुख्तार बेगम और गुल हामिद भी थे।

शोभना : साल 1943 में आई फिल्म राम राज्य में शोभना सामंत ने मां सीता का रोल प्ले किया था। इसमें प्रेम अदिब ने भगवान राम का रोल निभाया था। वहीं ऋषि वालमीकि के रोल में बद्री प्रसाद नजर आए थे. फिल्म का निर्देशन और निर्माण विजय भट्ट ने किया था वहीं इसका संगीत शंकरराव व्यास ने दिया था। फिल्म में अरुणा राय, बीना राय और कन्हैयालाल का भी रोल था।

अनीता : साल 1961 में बाबूभाई मिस्त्री ने एक फिल्म बनाई थी, जिसका नाम संपूर्ण रामायण था। 3 घंटे 3 मिनट की इस फिल्म में वसंद देसाई और भारत व्यास ने म्यूजिक दिया था। फिल्म में महीपाल ने भगवान राम का रोल किया था वहीं अनीता गुहा मां सीता के रोल में नजर आई थीं। फिल्म में ललिता पवार, अचला सचदेव और हेलेन भी थीं।



जया प्रदा : साल 1976 में रामायण माइथोलॉजी पर एक फिल्म आई थी जिसका नाम सीता कल्याणम था। ये फिल्म हिंदी, तेलुगू और मलयालम जैसी 3 भाषाओं में रिलीज की गई थी. फिल्म में रवि कुमार ने भगवान राम और भगवान विष्णु का रोल प्ले किया था। वहीं इसमें बॉलीवुड एक्ट्रेस जया प्रदा ने मां सीता और मां लक्ष्मी का किरदार निभाया था।

दीपिका : साल 1987 में आई रामानंद सागर की रामायण को अभी तक के इतिहास की सबसे पॉपुलर रामायण माना जाता है। इसे बड़े पर्दे पर नहीं बल्कि सीरियल के फॉर्म में दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया गया था, जिसके 78 एपिसोड्स आए थे. इसमें दीपिका चिखलिया ने मां सीता का रोल प्ले किया था और उनके इस किरदार को आज भी मां सीता के तौर पर सबसे ऑथेंटिक और रिलेटेबल माना जाता है।

नयनतारा : साल 2011 में साउथ की फिल्म राम राज्यम रिलीज की गई थी. इस फिल्म का निर्देशन बापू ने किया था। फिल्म का संगीत इल्लयाराजा ने दिया था। 2 घंटे 26 मिनट की ये फिल्म हिंदी, तेलुगू और मलयालम में रिलीज की गई थी. इसमें नंदमुरी बालकृष्णन ने भगवान राम का रोल प्ले किया था। वहीं फिल्म में एकानीनी नागेश्वर राव ने वाल्मीकि का रोल निभाया था।

देबीना : टीवी की दुनिया में इसके बाद रामायण पर खूब काम हुआ। लेकिन, रामानंद सागर की रामायण के अलावा 2008 में आए रामायण सीरियल को ही सक्सेस मिली और पसंद किया गया. इसमें टीवी एक्ट्रेस देबीना बनर्जी ने मां सीता का रोल निभाया था और फैंस को भी उनका लुक पसंद आया था। इसमें गुरमीत चौधरी ने भगवान राम का रोल प्ले किया था।

साई : अब 2026 में 4000 करोड़ में बनी रामायण फिल्म में रणबीर कपूर ने भगवान राम का रोल प्ले किया है और साई पल्लवी इसमें मां सीता के किरदार में नजर आई हैं। फिल्म अब तक के इतिहास की सबसे बड़ी मूवी मानी जा रही है। इस फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है और नमित मल्होत्रा ने इसका निर्माण किया है।

कृति : साल 2023 में आई आदिपुरुष फिल्म 100 साल के इतिहास में रामायण पर बनी सबसे विवादित फिल्म साबित हुई थी. फिल्म रिलीज के पहले तो हाइप बंटोरने में सफल रही थी और 500 करोड़ के भारी-भरकम बजट में भी बनकर तैयार हुई थी।

खबर संक्षेप

देवरानी में श्रीराम कथा का आयोजन आज से

बिर्रा। जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम देवरानी में जय मां कर्मा जसगीत पार्टी के तत्वावधान में नौ दिवसीय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा का शुभारंभ शुक्रवार 13 नवंबर को होगा। इसमें कथावाचक पं. प्रेमशंकर चौबे श्रीराम कथा का रसपान कराएंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक आयोजित होगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 14 नवंबर शनिवार को मां सती चरित्र एवं पार्वती विवाह, 15 नवंबर रविवार को नारद मोह एवं श्रीराम कथा, 16 नवंबर सोमवार को नामकरण संस्कार एवं अहिल्या उद्धार, 17 नवंबर मंगलवार को धनुष यज्ञ एवं श्रीराम-जानकी विवाह, 18 नवंबर बुधवार को श्रीराम वन गमन एवं केवट प्रेम की कथा सुनाई जाएगी। इसी क्रम में 19 नवंबर गुरुवार को श्रीराम-भारद्वाज संवाद एवं श्रीभरत प्रस्थान-चित्रकूट, 20 नवंबर शुक्रवार को श्रीराम-भरत मिलन, जटायु उद्धार एवं शबरी प्रेम, जबकि 21 नवंबर शनिवार को श्रीराम-सुग्रीव मित्रता, राम-रावण युद्ध एवं राज्याभिषेक प्रसंग का वर्णन होगा। आयोजन के अंतिम दिन 22 नवंबर रविवार को हवन, आरती, ब्राह्मण भोज एवं विशाल भंडारे के साथ कथा का समापन होगा। व्यवस्थापक के रूप में सेलूराम साहू, मनहरण साहू, जवाहीर साहू, निर्मल साहू, रवि साहू, भूपेंद्र पटेल, सुखाऊराम, अंतराम साहू, सीता साहू, श्याम सुंदर साहू एवं पुनाऊ साहू अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।

गोवर्धन पूजा पर अग्रवाल परिवार ने जिला अस्पताल में बांटा अन्नकूट प्रसाद



जांजगीर-चांपा। गोवर्धन पूजा के अवसर पर जांजगीर-नैला के प्रतिष्ठित व्यापारी, समाजसेवी एवं नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला के पूर्व उपाध्यक्ष तथा कृषि उपज मंडी समिति नैला-जांजगीर के पूर्व प्रभारी अध्यक्ष स्व. रामनिवास अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी स्व. आनंदी देवी अग्रवाल की पुण्य स्मृति में ठाकुर छेदीलाल जिला चिकित्सालय परिसर में अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया गया। उनके सुपुत्र राजू अग्रवाल एवं जितेंद्र अग्रवाल सहित पूरे परिवार की ओर से आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। गोवर्धन पूजा पर अन्नकूट प्रसाद का विशेष धार्मिक महत्व है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण को छप्पन भोग अर्पित कर अन्नकूट का भोग लगाया जाता है। यह पर्व प्रकृति, गौ माता और अन्न के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का प्रतीक है। जिला अस्पताल परिसर में आयोजित प्रसाद वितरण के दौरान मरीजों, उनके परिजनों, चिकित्सकों, अस्पताल के कर्मचारियों एवं आसपास के श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्व. रामनिवास अग्रवाल एवं स्व. आनंदी देवी अग्रवाल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सामाजिक एवं सेवा कार्यों का स्मरण किया। आयोजक परिवार ने बताया कि माता-पिता का पूरा जीवन सेवा, धर्म एवं परोपकार के आदर्शों को समर्पित रहा। उन्हीं के आदर्शों को आत्मसात करते हुए परिवार द्वारा प्रतिवर्ष गोवर्धन पूजा के अवसर पर अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया जाता है, ताकि जरूरतमंदों और जरूरतमंद मरीजों तक प्रसाद पहुंच सके तथा माता-पिता की पुण्य स्मृति सदैव बनी रहे।

कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुरु



चांपा। हनुमान चौक सोनारपारा में सराफ परिवार के तत्वावधान में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। 12 से 19 नवंबर तक आयोजित इस धार्मिक आयोजन के प्रथम दिन नगर में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। कथा के शुभारंभ अवसर पर शाम 5 बजे ऐतिहासिक श्री जगन्नाथ बड़े मठ मंदिर से भगवान श्रीकृष्ण के विग्रह को लेकर गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भागवताचार्य पंडित राजकुमार शर्मा मां सिद्धिदात्री दरबार सरवानी बम्हनीडीह के साथ सुसज्जित वाहन में विराजमान होकर नगरवासियों को कथा श्रवण के लिए आमंत्रित कर रहे थे। वहीं मुख्य यजमान ऋषि सराफ-निधि सराफ, संजय-सुमन सराफ एवं श्रीमती सविता-अनिल सराफ सहित सैकड़ों महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर पंक्तिबद्ध होकर चल रही थीं। शोभायात्रा जगन्नाथ बड़े मठ मंदिर से प्रारंभ होकर सोनारपारा, समलेश्वरी मंदिर, सदर बाजार, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर और हटवारा चौक सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुंची। यात्रा के दौरान महिलाओं के भजन-कीर्तन और कर्मा वाद्ययंत्रों की मधुर धुन पर नृत्य करते श्रद्धालुओं ने पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया। कलश यात्रा में स्वर्णकार समाज के केंद्राध्यक्ष जयदेव सोनी, शिवराम, मधुसूदन, अशोक कुमार, दिनेश, नारायण प्रसाद, राजा, ठंडाराम, संतोष, विजय, सतीश, महावीर सोनी, संतोष सराफ, जयकिशन, अनिमेष, शिवन्या, रुद्रांश, शिवांश, यशिका सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

कलेक्टर ने बैठक लेकर दी पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी, प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित, 11 दिसंबर तक दर्ज करा सकेंगे दावा-आपत्ति

मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी जरूरी : महोबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



बैठक में उपस्थित राजनीतिक दल के पदाधिकारियों को जानकारी देते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची का शुद्ध एवं त्रुटिरहित होना बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। गुरुवार को प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही दावा-आपत्ति की प्रक्रिया भी शुरू हो गई। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक लेकर पुनरीक्षण कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाने और प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में दर्ज होना सुनिश्चित करने का आग्रह किया। मतदाता 11 दिसंबर तक दावा-आपत्ति दर्ज करा सकेंगे, जबकि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा।

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़, रायपुर के निर्देशानुसार जिले में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के संदर्भ में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसके तहत 12 नवंबर को एकीकृत मतदाता सूची (निर्वाचक नामावली) का प्रारूप प्रकाशन किया गया। प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जन्मेजय महोबे ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक लेकर पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी।बै ठक में कलेक्टर ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद पुनरीक्षण से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी। इनमें मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण, मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन के लिए दावे-आपत्तियां प्राप्त करना तथा उनका निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करना शामिल है। उन्होंने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूपों की जानकारी देते हुए प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करने का आग्रह किया, ताकि मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने में सहयोग मिल सके। 11 दिसंबर तक दावे-आपत्तियां, 4 जनवरी को अंतिम सूचीविशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 12 नवंबर 2026 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है। मतदाता 11 दिसंबर 2026 तक अपने दावे एवं आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निराकरण 28 दिसंबर तक किया जाएगा। इसके बाद मतदाता सूची के डेटाबेस को अद्यतन करने तथा पूरक सूची के मुद्रण सहित अंतिम प्रकाशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 4 जनवरी 2027 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। प्रशासन ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे प्रारूप मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें। बैठक में डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीतिश वर्मा, निर्वाचन पर्यवेक्षक राकेश प्रधान, हितेश यादव, मोहन सिंह, शिशिर द्विवेदी, आशुतोष गोपाल, लखन लाल साहू, कीर्तन लाल साहू सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



छात्रावास अधीक्षकों ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय छात्रावास अधीक्षक संघ के आह्वान पर अधीक्षक संवर्ग की लंबित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर गुरुवार, 12 नवंबर को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की गई। इस दौरान अधीक्षक संवर्ग ने अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों की ओर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराते हुए उनके शीघ्र निराकरण की मांग की।

- सेवा शर्तों के निर्धारण, कैडर पुनर्गठन और पदोन्नति सहित अन्य मांगों को लेकर शासन का कराया ध्यानाकर्षित

संघ का कहना है कि छात्रावास व्यवस्था को सुचारु, गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी ढंग से संचालित करने में अधीक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में उनके सेवा शर्तों में आवश्यक सुधार, पदोन्नति के अवसर और छात्रावास संचालन के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराना जरूरी है। इन्हीं विषयों को लेकर संघ लंबे समय से अपनी मांगें शासन के समक्ष रखता आ रहा है। अधीक्षक संवर्ग की पांच प्रमुख मांगों में अधीक्षक संवर्ग की सेवा शर्तों का निर्धारण किया जाए, कैडर का पुनर्गठन कर विभागीय परीक्षा के माध्यम से पदोन्नति के अवसर प्रदान किए जाएं, शिक्षक संवर्ग से अधीक्षक के रूप में कार्यरत कर्मचारियों को वीएसके ऐप में उपस्थिति दर्ज करने से छूट दी जाए। ऑनलाइन उपस्थिति एवं एचएमएस पोर्टल में आवश्यक सुधार किए जाएं तथा मेस राशि में अनुचित कटौती पर रोक लगाई जाए। छात्रावासों के सुचारु संचालन के लिए पर्याप्त बजट एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं हेतु पर्याप्त राशि उपलब्ध कराई जाए। संघ ने कहा कि शासन संवेदनशील है और उन्हें उम्मीद है कि उनकी समस्याओं को भी गंभीरता एवं संवेदनशीलता से लेते हुए मांगों का निराकरण किया जाएगा। इससे अधीक्षक बेहतर कार्य परिस्थितियों में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगे तथा शासन की मंशा के अनुरूप छात्रावासों का संचालन सुनिश्चित होगा। इसका सीधा लाभ छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाओं के रूप में मिल सकेगा।

वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी, बम्हनीडीह को मिला विद्युत वितरण उपसंभाग का दर्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा जारी आदेश के तहत बम्हनीडीह को विद्युत वितरण उपसंभाग के रूप में स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय से क्षेत्र के लोगों की लगभग 4-5 वर्षों से चली आ रही बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो गई है। इस महत्वपूर्ण निर्णय पर जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बम्हनीडीह को विद्युत वितरण उपसंभाग का दर्जा दिलाने के लिए विगत कई वर्षों से लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इस मांग को लेकर समय-समय पर शासन एवं संबंधित विभाग के समक्ष विषय उठाया गया। आज प्रदेश सरकार के निर्णय से क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग साकार हुई है। उन्होंने कहा कि बम्हनीडीह में विद्युत वितरण उपसंभाग कार्यालय स्थापित होने से क्षेत्र के उपभोक्ताओं को विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण, विभागीय कार्यों एवं अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। स्थानीय स्तर पर विभागीय कार्यों के संचालन में भी सुगमता आएगी। बम्हनीडीह विद्युत उप संभाग बनने से बम्हनीडीह डीसी के 24 गांव और बिर्रा डीसी के 12 गांव सीधे-सीधे संपर्क में आएंगे। कुल मिलाकर 36 गांव को अब बेहतर विद्युत सेवा मिलेगी। श्री जयपुरिया ने बताया कि लगभग 4-5 वर्ष पूर्व क्षेत्र के विकास एवं जनसुविधाओं को लेकर चार प्रमुख मांगें रखी गई थीं। इनमें से तीन मांगें पूरी हो चुकी हैं। उन्होंने उन पुराने छायाचित्रों को भी साझा किया है, जो इन मांगों को पूरा कराने के लिए किए गए प्रयासों और संघर्षों की गवाही देते हैं। उन्होंने कहा कि अभी बिर्रा में राष्ट्रीयकृत बैंक की स्थापना की मांग शेष है। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि यह मांग भी जल्द पूरी होगी और बिर्रा क्षेत्रवासियों को बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिलेगा।



- जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया ने कहा विद्युत उपसंभाग बनने से 36 गांवों को मिलेगा सीधा लाभ

मताधिकार लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत, रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ तालदेवरी

राष्ट्रव्यापी 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान के अंतर्गत 12 नवंबर को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बम्हनीडीह के करनौद मंडल में मंडल स्तरीय जन चौपाल एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन करनौद गार्डन में किया गया।

- करनौद में 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान के तहत जन चौपाल एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू एवं करनौद मंडल प्रभारी बेदराम कश्यप विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक बालेश्वर साहू ने उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया और प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा बेहद जरूरी है। वोट केवल सरकार चुनने का माध्यम नहीं, बल्कि आम जनता की आवाज और लोकतांत्रिक अधिकारों की सबसे बड़ी ताकत है। यदि मतदाता का अधिकार सुरक्षित रहेगा, तभी लोकतंत्र की नींव मजबूत रहेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा का एक व्यापक जनजागरण अभियान है। राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी लगातार लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए आवाज उठा रहे हैं। उनके संदेश एवं विचारों को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाना प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। विधायक साहू ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनता के बीच जाकर मतदाता सूची, मतदान के अधिकार और चुनावी प्रक्रिया को लेकर जागरूकता फैलाएं। किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिए तथा प्रत्येक व्यक्ति को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता लोकतंत्र का सजग प्रहरी बनकर जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए आगे आए। गांवों में जनसंवाद के माध्यम से लोगों की समस्याएं सुनें और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। करनौद मंडल प्रभारी बेदराम कश्यप ने भी अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की एकजुटता और जनता से सीधे संवाद पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने तथा अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने की अपील की। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार रखे तथा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर गुलाबद्दीन खान, रामखिलावन तिवारी, कमलेश कश्यप, करनौद सरपंच प्रतिनिधि शैलेंद्र डडसेना, सोनाईडीह सरपंच संतन महंत, हेमंत साहू, चंद्रभूषण डडसेना, विकास शर्मा, सुनील चंद्रा, तिलकराम जलतारे सहित बड़ी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते अतिथि।

धूल-डस्ट और बीमारी से मिली मुक्ति, रैक पॉइंट क्रमांक 1, 2 और 3 से डोलोमाइट लोडिंग पर रेलवे ने लगाई रोक

बाराद्वार। वर्षों से धूल और डस्ट की समस्या से जूझ रहे शहरवासियों को अब इससे राहत मिलने की उम्मीद जगी है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने बाराद्वार रेलवे स्टेशन के रैक पॉइंट क्रमांक 1, 2 और 3 से डोलोमाइट लोडिंग पर रोक लगाने का आदेश जारी कर दिया है। अब यहां होने वाली लोडिंग की व्यवस्था घनी आबादी से दूर किसी अन्य पॉइंट पर स्थानांतरित की जाएगी। रेलवे के इस फैसले से शहरवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। दीपावली के उल्लास के बीच इस फैसले ने लोगों की खुशियां दोगुनी कर दीं। शहर में लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और इस मुहिम को अंजाम तक पहुंचाने में जुटे जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। बाराद्वार रेलवे स्टेशन शहर के बीचों-बीच स्थित है। स्टेशन के ठीक सामने रैक पॉइंट क्रमांक 1, 2 और 3 हैं, जहां लंबे समय से डोलोमाइट की रैक लोडिंग का काम होता रहा है। डोलोमाइट की लोडिंग और अनलोडिंग के दौरान जेसीबी मशीनों की आवाजाही, ट्रकों में भराई और अन्य गतिविधियों से बड़ी मात्रा में महीन सफेद धूल उड़ती थी। यह धूल केवल रेलवे परिसर तक सीमित नहीं रहती थी, बल्कि हवा के साथ पूरे शहर में फैल जाती थी।हालात ऐसे थे कि घरों के आंगन, छत, रसोई, दुकानों में रखे सामान और कपड़ों तक पर धूल की मोटी परत जम जाती थी। लोगों को रोजाना अपने घरों और प्रतिष्ठानों की सफाई करनी पड़ती थी।

महासंग्राम डांस प्रतियोगिता में झारसुगुड़ा का वन स्टेप ग्रुप रहा अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

श्री महालक्ष्मी पूजन के अवसर पर ग्राम पंचायत बिर्रा के शांति चौक में मुहल्लेवासियों के तत्वावधान में आयोजित श्री महालक्ष्मी जिला स्तरीय महासंग्राम डांस प्रतियोगिता उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुई। प्रतियोगिता में जिले सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे प्रतिभागियों ने नृत्य की अलग-अलग विधाओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन में करीब 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। ग्रुप डांस में झारसुगुड़ा के वन स्टेप ग्रुप ने प्रथम स्थान हासिल कर 15 हजार रुपए नकद एवं ट्रॉफी अपने नाम की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फिल्म अभिनेता संतोष प्रजापति थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य मोहन कुमारी, जनपद सदस्य रितेश रमण सिंह, राजकुमार कश्यप, डॉ. कुश पटेल, कार्तिक पटेल एवं रमेश जायसवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत बिर्रा की सरपंच श्रीमती पीलीबाई एकादशियां साहू ने की। अतिथियों के हाथों विभिन्न विधाओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में रेड एंगल कोरबा द्वितीय स्थान पर रहा, जिसे 10 हजार रुपए एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। वीके ग्रुप महासमुंद ने सात हजार रुपए एवं ट्रॉफी के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। भोला रायगढ़ को पांच हजार रुपए एवं ट्रॉफी के साथ चौथा तथा आर्यन पिथौरा को तीन हजार रुपए एवं ट्रॉफी के साथ पांचवां स्थान मिला। इसी तरह एकल डांस में रोशन कील रायपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर तीन हजार रुपए, रवि उड़ीसा ने द्वितीय स्थान पर दो हजार रुपए तथा नमन बिलासपुर ने तृतीय स्थान पर एक हजार रुपए का पुरस्कार प्राप्त किया। रूद महासमुंद को चौथा स्थान मिलने पर 700 रुपए तथा छोटे किंग भंवरपुर को पांचवां स्थान मिलने पर 500 रुपए प्रदान किए गए। युगल डांस प्रतियोगिता में डांस दीवाने कोरबा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सात हजार रुपए का पुरस्कार जीता। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र तिवारी एवं सुखराम कहार ने किया।आयोजन को सफल बनाने में मोहन यादव, मनबोध पटेल, डॉ. कुश पटेल, कमलेश, प्रदीप कुमार, संतोष, तिहारू, हरनारायण, कैशलेश, कार्तिक, रथराम, परस कहार, सुखराम, राजेंद्र, रमेश जायसवाल, फागू, तरुण कहार, सुकालू, ऋषि पटेल, राधेश्याम, सूर्यकांत, मंतोष कैवर्त, विजय, लाल, बबलू, राजा, राजेश, गणेश, कमलेश सहित समिति के सदस्यों का योगदान रहा।



विजेता को पुरस्कार प्रदान करते अतिथि।

भाजपा मंडल भौथिया की मासिक बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर सक्रियता जरूरी : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

भारतीय जनता पार्टी मंडल भौथिया की मासिक बैठक ग्राम पंचायत सिरली में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ मंडल प्रभारी रामनरेश यादव ने भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पूजा-अर्चना के साथ किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष मनहरण चंद्रा ने पिछले एक महीने के दौरान किए गए संगठनात्मक कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। इसके पश्चात मंडल प्रभारी रामनरेश यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी संगठनात्मक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शक्ति केंद्र पर शक्ति प्रभारी को नियमित रूप से बैठकें लेनी होंगी। साथ ही, सभी बूथ अध्यक्षों से आग्रह किया गया कि वे हर महीने के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं और आमजन के साथ सुनें। बैठक में आगामी 13 नवंबर को सक्ती में आयोजित होने वाली 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा को लेकर विशेष रणनीति बनाई गई। इस पदयात्रा में क्षेत्र के प्रत्येक बूथ से कम से कम 10-10 कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। इस महत्वपूर्ण पदयात्रा में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साय विशेष रूप से सम्मिलित हो रहे हैं। इस अवसर पर पार्टी के मुख्य रूप से भूषण चंद्रा, डॉ. श्याम चंद्रा, टिकेन्द बनाफर, महामंत्री धनंजय सिंह चंद्रा, श्रीमती धनेश्वर यादव, घर्षण यादव, सत्यनारायण चंद्रा, श्रीमती सरिता साहू, धर्मेंद्र पटेलसहित सभी शक्ति केंद्र प्रभारी, सह-संयोजक एवं बड़ी संख्या में देवर्षि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री धनंजय एवं आभार प्रदर्शन स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया।



मंचस्थ अतिथि का स्वागत करते कार्यकर्ता।

